कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023
फोन नं – 0788–2350125, फैक्स नं – 0788–4040118
ई–मेल : nigam_bhilai@yahoo.co.in

क्र / एफ–166 / स्टे.आयु. / 2024 / 3362 — भिलाई, दिनांक 22/11/24

//आदेश//

प्रस्तुत नस्तियों में यह देखा गया है कि लोककर्म विभाग एवं अन्य विभाग की नस्तियों के नोटशीट में नस्ती का पंजीयन क्रमांक, विभाग प्रमुख का नाम एवं लिपिकीय कर्मचारी का नाम एवं कार्य का नाम भरा नहीं जा रहा है एवं नोटशीट का व पत्राचार दस्तावेज में नंबरिंग नहीं किया जा रहा है। यह कार्यालयीन व्यवस्था के विपरीत है। यह भी देखा गया है कि, विभाग प्रमुख/अभियंता नोटशीट के नीचे भाग में लाईन के बाद भी हस्ताक्षर किये जा रहे है जबकि, नोटशीट में लाईन के नीचे कोई टीप या हस्ताक्षर नहीं किया जाना चाहिये अगले पृष्ठ पर टीप लिखकर हस्ताक्षर किया जाना चाहिये।

अतएव् उपरोक्त कमियों की पूर्ति व पालन उपरांत नस्ती प्रस्तुत किया जाना सर्व विभाग प्रमुख/अधिकारी व कर्मचारी सुनिश्चित करें। प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी हस्ताक्षर के नीचे नाम/पदनाम अवश्य लिखें एवं नस्ती पंजीयन उपरान्त ही मुख्य आवक–जावक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

भिलाई, दिनांक 22/11/24

पृ. क्र / एफ–166 / स्टे.आयु. / 2024 / 3363

प्रतिलिपि:–

1. महापौर/सभापति महोदय, नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. उपायुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
4. अधीक्षण अभियंता I/II, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
5. जोन आयुक्त/कार्यपालन अभियंता, जोन–1,2,3,4 एवं 5, जलकार्य/ वाहन/स्टोर्स /उद्यान/कम्प्युटर/ भवन संधारण, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
6. लेखा अधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम भिलाई को निगम के वेबसाईट (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।
8. जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

8\. सर्व संबंधित/विभाग प्रमुख .... नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

9\. अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई